वी.यू. में भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी की विशाल प्रतिमा 6 वां दीक्षांत समारोह में स्थापित होगी

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशानुसार विश्वविद्यालय में 6 वां दीक्षांत समारोह 21 नवम्बर 2022 को होना तय हुआ। इसी तारम्य में भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी की प्रतिमा विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित होगी। नानाजी की प्रतिमा की ऊंचाई करीब 8 फीट है, प्रतिमा के अनावरण को लेकर जोरदार तैयारी शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय का 6 वां दीक्षांत समारोह एवं मूर्ति अनावरण माननीय महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल जी की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। उक्त तैयारियों का जायजा कुलपति ने वि.वि. प्रांगण में लिया।

इस अवसर पर सहायक कुलसचिव, डॉ. रामकिंकर मिश्रा, डॉ. मधु स्वामी, संचालक अनुसंधान सेवाएं, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. अजीत प्रताप सिंह, संचालक बायोटेक्नोलॉजी, डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, डॉ. एस.एस. कारमोरे, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. बिस्वशजीत राय, प्रोफेसर, डॉ. गिरिधारी दास, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. सुदीप्ता घोष, डॉ. सोना दुबे, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. राजकुमार पटेल, तकनीकी अधिकारी, एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर